| In case of recruitment by promotion or deputation or absorption, grade from which promotion or deputation or absorption to be made | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Promotion:**<br>Preventive Officer in level 7 in the pay matrix (Rs. 44900-142400/-) with two years' regular service in the grade having successfully completed 2-4 weeks training as prescribed by the Department.<br>**Note:** Where juniors who have completed their qualifying or eligibility service are being considered for promotion, their senior would also be considered, provided they are not short of the requisite qualifying or eligibility service by more than half of such qualifying or eligibility service, or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying or eligibility service. | **Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering Promotion) consisting of:-**<br>1. Jurisdictional Chief Commissioner of Customs or Central Goods and Service Tax – Chairman;<br>2. Commissioner concerned – Member;<br>3. Additional Commissioner (Personnel and Vigilance) of the Cadre Controlling Commissionerate – Member. | Consultation with Union Public Service Commission is not necessary. |

[F. No. A-12018/01/2012-Ad.IIA]
GAURAV SHUKLA, Under Secy.

---

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2019

**सा.का.नि. 341.—**राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1981 को, जहाँ तक उनका संबंध हवलदार के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली में हवलदार के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ .—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, (हवलदार ) समूह 'ग' पद, भर्ती नियम, 2019 है।

   (2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**पद की संख्या, उसका वर्गीकरण, वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं, आदि .—** भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.—**वह व्यक्ति –

   (क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

   (ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. **शिथिल करने की शक्ति .—**जहॉं केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी ।

6. **व्यावृत्ति.—**इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है ।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा । |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| हवलदार | *2 (2019) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है । | साधारण केंद्रीय सेवा, समूह 'ग' अराजपत्रित, अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर 2 (रु.19900-63200) | अचयन | 40 वर्ष से अधिक नहीं। **टिप्पण :-** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है। |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताऍं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताऍं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | **भर्ती की पद्धति :** भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| **आवश्यक :** (क) मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण। (ख) हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान हो। (ग) केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्रों या स्वायत्त संगठन या वैधानिक संगठन या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या केंद्रीय विश्वविद्यालय या | आयु : नहीं<br>अर्हता : हॉं | सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों हेतु दो वर्ष। | प्रोन्नति, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| राज्य विश्वविद्यालय या शोध संस्थान में श्रमिक संबंधी मुद्दों से निपटने का दो वर्ष का अनुभव।<br>(घ) सीधी भर्ती की दशा में भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।<br>**टिप्पण 1:** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार, उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएंगे, शिथिल की जा सकती हैं।<br>**टिप्पण 2:** अनुभव संबंधी अर्हताएं अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार, उन कारणों के लिए जो लेखबद्ध किए जाएं, तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर सक्षम प्राधिकारी की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। | | | |

| प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति सीमित है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितयों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल के ऐसे समूह 'ग' कर्मचारियों में से प्रोन्नति जिन्होने वेतन मैट्रिक्स के स्तर 1 (18000-56900 रु) में तीन वर्ष की नियमित सेवा की है और वे स्तम्भ (7) में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों। | **विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति और पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमें शामिल होंगे:**<br>1. निदेशक, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली - अध्यक्ष;<br>2. उप निदेशक प्रशासन, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज - सदस्य;<br>3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में चिकित्सा शिक्षा के प्रभारी उप निदेशक - सदस्य | लागू नहीं। |

[फा. सं. ए. 11018/9/2019-एम.एच.-II]

जी. पी. सामंत, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 7th November, 2019

**G.S.R.341.—**In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Lady Hardinge Medical College and Smt. Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi (Group 'C' posts) Recruitment Rules, 1981, in so far as they relate to the post of Haveldar, except as respects things done or omitted to be

done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Haveldar in Lady Hardinge Medical College and Smt. Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi, namely:-

1. **Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Lady Hardinge Medical College and Smt. Sucheta Kriplani Hospital , New Delhi, (Haveldar),Group-'C' post, Recruitment Rules, 2019.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and level in pay matrix.—**The number of the post, its classification and the level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications etc.—**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.—**No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Ex-servicemen, the Other Backward Classes and other special categories of person in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Haveldar | 2* (2019) Subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'C' non Gazetted, non-Ministerial | Level-2 (Rs 19900-63200) in the pay matrix | Non selection | Not exceeding 40 years<br>Note. –The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division of Jammu and Kashmir State, Lahaul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshdweep. |

| Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any. | Method of recruitment, whether by direct recruitment or by promotion or by deputation or absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| **Essential:**<br>(i). 12th Class pass from a recognised Board.<br>(ii). Having knowledge in Hindi and English.<br>(iii). Experience of two years of handling labor issue from Central Government or State Government or Union territories or Autonomous Organizations or Statutory Organizations or Central University or State University or research institutes.<br>(iv). Preference shall be given to Ex-serviceman in case of direct recruitment.<br>**Note 1.** –Qualification is relaxable at the discretion of the competent authority for reasons to be recorded in writing in case of candidates otherwise well qualified.<br>**Note 2.** –Qualification regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority for reasons to be recorded in writing, in case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if at any stage of selection the Competent Authority is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the posts reserved for them. | Age: No<br>Qualification: Yes | Two years for direct recruits | By promotion failing which by direct recruitment |

| In case of recruitment by promotion or deputation or absorption grade from which promotion or deputation or absorption to be made. | If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition | Circumstances in which Union Public Services Commission is to be consulted in making recruitment. |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| Promotion amongst Group 'C' posts in Lady Hardinge Medical College and Smt. Sucheta Kriplani Hospital with three years regular service in level-1(18000-56900) in the pay matrix and possessing the educational qualification and experience prescribed for direct recruits under column (7). | **Departmental Promotion Committee for Promotion or Confirmation( for considering Promotion or Confirmation) consisting of:-**<br>Director, Lady Hardinge Medical College -Chairman;<br>Deputy Director Administration,<br>Lady Hardinge Medical College , New Delhi -Member;<br>Deputy Director in charge of Medical Education, Directorate General of Health Services -Member. | Not applicable. |

[F.No. A. 11018/9/2019-MH-II]

G .P. SAMANTA, Under Secy.